आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 मंगलवार 10.03.2026

मुख्य समाचारः—

1— पश्चिम एशिया में चल रहे भू—राजनीतिक तनाव के मद्देनजर घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार ने उठाए कदम।

2— उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विधानसभा में कहा कि इस साल इकतीस मार्च को नक्सलमुक्त हो जाने के बाद संभवतः अगले वर्ष तक लौट जाएंगे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल।

3— रायपुर में आज नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया—उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों और स्व—सहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित किया।

4— दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर जिले में भी अफीम की अवैध खेती करने का मामला सामने आया।

केन्द्र—एलपीजी उत्पादन निर्देश

केन्द्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ईंधन आपूर्ति में मौजूदा भू—राजनीतिक तनाव और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के मद्देनजर उठाया गया है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतराल बढ़ाकर पच्चीस दिन कर दिया गया है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और व्यावसायिक उपयोग तथा कालाबाजारी रोकने संबंधी पत्र जारी किया है। पत्र में विभाग ने कलेक्टरों को गैस एजेंसियों और ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम बनाकर निगरानी करने को कहा है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ शासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वहां फंसे राज्य के नागरिकों की सहायता और समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के नोडल अधिकारी लेखा अजगल्ले को पश्चिम एशिया क्षेत्र में आवागमन और वहां मौजूद छत्तीसगढ़ के नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल नंबर — आठ तीन चार नौ आठ चार शून्य पांच आठ दो (8349840582) जारी किया है।

मंत्रिमंडल—बैठक

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर दो हजार अट्ठाईस तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आज संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन को बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर सेवा वितरण के स्तर तक पुनर्गठित किया जाना है।

मंत्रिमंडल ने एक समान राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा, "सुजलम भारत", स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। इसके तहत प्रत्येक गांव को एक विशिष्ट सुजल गांव—सेवा क्षेत्र आईडी आवंटित की जाएगी।

किसान सम्मान निधि योजना–राशि

केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त की राशि का अंतरण तेरह मार्च को किया जाएगा। असम के गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ सहित देश के करीब नौ करोड़ बत्तीस लाख किसानों के खातों में अट्ठारह हज़ार छह सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

केन्द्र–सड़क निर्माण

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क को सुदृढ़ बनाने के लिए रोड कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट फॉर लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म अफेक्टेड एरियाज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की अवधि को अगले साल इकतीस मार्च तक बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास और वहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

"नारी शक्ति सम्मान समारोह"

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज रायपुर में "नारी शक्ति सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों, स्व–सहायता समूहों की महिलाओं और महिला हितग्राहियों को सम्मानित किया।

वहीं, आज भिलाई में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नौ हजार से अधिक श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब दस करोड़ रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे।

विधानसभा–स्थगन/बर्हिगमन

राज्य विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान धान खरीदी समितियों में चूहों द्वारा धान नष्ट करने का मामला उठाया गया। विपक्ष ने इस संबंध में स्थगन प्रस्ताव पेश किया। नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने आरोप लगाया कि सरकार के कुप्रबंधन के चलते चार हजार छह सौ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार धान को सुरक्षित रखने में नाकाम रही है।

आसंदी द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करने पर विपक्षी सदस्य जमकर नारेबाजी करते हुए गर्भगृह पहुंच गए, जिसके बाद वे विधानसभा के नियमों के अनुसार स्वमेव निलंबित हो गए। बाद में सभापति ने कांग्रेस विधायकों का निलंबन समाप्त किया।

सदन में आज विधायक ओंकार साहू ने व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस का मामला उठाया। जवाब में परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि वाहनों का बिना भौतिक परीक्षण किए फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है। उन्होंने बताया कि तीन सालों में ओवरलोडिंग और बिना परमिट संचालन के सतहत्तर हजार से अधिक प्रकरण बनाए गए हैं।

परिवहन मंत्री के जवाब से असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर सही जानकारी नहीं मिली तो विपक्ष बहिष्कार करेगा। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। नाराज विपक्षी सदस्यों ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।

सदन में आज कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ में सहकारी बैंक शाखा भवन निर्माण स्थल पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। जवाब में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा हुई है।

विधानसभा–गृह मंत्री

आज सदन में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा से संबद्ध विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा हुई। इसमें भाग लेते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित सारा देश आगामी इकतीस मार्च तक नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में हुई
शीर्ष स्तर की बैठक में यह भी चर्चा हुई है कि नक्सलमुक्त हो जाने के बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल संभवतः अगले वर्ष इकतीस मार्च तक लौट जाएंगे।

चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने जानना चाहा कि क्या केंद्रीय गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में तैनात अर्द्धसैनिक बलों के लिए राज्य सरकार से करीब इक्कीस हजार करोड़ रूपये की राशि मांगी है। उन्होंने पूछा कि राज्य सरकार यह राशि किस मद से देगी।

बलरामपुर–अफीम खेती/दुर्ग कार्रवाई

दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर जिले में भी अफीम की अवैध खेती करने का मामला सामने आया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी स्थित सरनाटोली गांव के पास जंगल की करीब पांच एकड़ जमीन पर अफीम की खेती की जा रही थी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस की टीम ने वहां से बड़ी मात्रा में सूखे डोडे और खसखस बरामद किया है।

इधर, दुर्ग जिले में अफीम की अवैध खेती के मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने आज उसके भाई बृजेश ताम्रकार के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। वहीं, पुलिस ने आरोपी विनायक ताम्रकार के घर से सात बोरी डोडा, करीब दो किलो खसखस और अन्य सामग्री बरामद की है। गौरतलब है कि समोदा–झेंझरी इलाके में अफीम की खेती करने के मामले में पुलिस ने विनायक ताम्रकार सहित अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीआईएसएफ–स्थापना दिवस

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ का आज संतावनवां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विशेष परेड, समारोह और कार्यक्रमों के माध्यम से सीआईएसएफ जवानों के योगदान को सम्मानित किया जा रहा है।

भिलाई में सीआईएसएफ यूनिट के उप महानिरीक्षक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने सीआईएसएफ टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल राष्ट्रीय महत्व के संवेदनशील प्रतिष्ठानों के साथ ही हवाई अड्डों और मेट्रो की भी सुरक्षा करता है।

विकसित भारत युवा संसद

रायपुर स्थित पुरानी विधानसभा के प्रेक्षागृह में आज विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। माय भारत छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम और केन्द्रीय खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस युवा संसद में तीस जिलों के डेढ़ सौ से अधिक माय भारत स्वयंसेवकों और युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। युवा संसद में युवाओं ने केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

युवा संसद कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने किया।

इस अवसर पर माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ने बताया कि विकसित भारत युवा संसद युवाओं को शासन और नीति–निर्माण की प्रक्रिया में अपनी आवाज़ रखने का मंच प्रदान कर रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>